हर घर तिरंगा, हर घर खादी अभियान

स्रोत: पी.आई.बी

हाल ही में खादी और ग्रामोद्योग आयोग (KVIC) के अध्यक्ष ने खादी से बने राष्ट्रीय ध्वज फहराने के माध्यम से खादी कपड़ों के उपयोग तथा व्यापार को बढ़ाने के लिये "**हर घर तिरंगा, हर घर खादी**" अभियान की शुरुआत की।

- **खादी/पॉलिएस्टर से बने 3X2 फीट के विशेष राष्ट्रीय ध्वज** पूरे देश के खादी स्टोरों पर 198 रुपए की विशेष कीमत पर उपलब्ध हैं।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी देशवासियों से स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा यात्रा **अभियान** में शामिल होने और खादी के कपड़े खरीदने की अपील की है।

हर घर तिरंगा (HGT) अभियान:

- स्वतंत्रता दिवस समारोह के हिस्से के रूप में HGT अभियान का **तीसरा संस्करण 9 से 15 अगस्त 2024** तक मनाया जाएगा।
- इसका उद्देश्य प्रत्येक भारतीय को राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिये प्रोत्साहित करके नागरिकों में **देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव** की भावना उत्पन्न करना है।
- इसे वर्ष 2022 में आज़ादी का अमृत महोत्सव के तत्वावधान में लॉन्च किया गया था। अब यह एक जन आंदोलन बन गया है।
- अन्य **आउटरीच गतिविधियाँ** भी आयोजित की जाती हैं, जिनमें तिरंगा संगीत कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक, तिरंगा के विकास पर प्रदर्शनियाँ आदि शामिल हैं।

और पढ़ें: राष्ट्रीय ध्वज दिवस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/har-ghar-tiranga,-har-ghar-khadi-campaign